हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 12 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
अब पालकों की जिम्मेदारी, गुरुजी खेल रहे मोबाइल तो कर सकते हैं शिकायत



## खबर संक्षेप

### मृदा स्वास्थ्य सुधारने सतत प्रयास जारी

**जशपुरनगर।** जिले में मृदा स्वास्थ्य सुधार, भूमि की उर्वराशक्ति बनाए रखने और मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। किसानों को हरी खाद, जैविक खाद और मृदा परीक्षण आधारित संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए नियमित रूप से प्रोत्साहित एवं जागरूक किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जशपुर ने 9 जुलाई को एक दैनिक समाचार पत्र में ष्उत्पादन बढ़ाने रासायनिक खाद का उपयोग, मिट्टी में कम हुआ ऑर्गेनिक कार्बन, घट रही उर्वरक क्षमताष शीर्षक से प्रकाशित समाचार के संबंध में विभागीय तथ्य स्पष्ट करते हुए बताया कि कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समाचार में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और मिट्टी की उर्वराशक्ति बढ़ाने के लिए किए जा रहे इन सतत प्रयासों का समुचित उल्लेख नहीं किया गया है।

### अतिथि शिक्षकों व स्टाफ नर्स के लिए 20 तक करें आवेदन

**जशपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना के लिए एक महत्वपूर्ण भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सीबीएसई पैटर्न पर अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम में शाला संचालन हेतु निर्धारित मानदेय पर अस्थायी रूप से अतिथि शिक्षक और गैर-शैक्षणिक पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। यह भर्ती शैक्षणिक योग्यता के अंकों और वॉक-इन-इंटरव्यू (चल-साक्षात्कार) के अंकों के आधार पर बनाई जाने वाली मेरिट सूची के जरिए होगी।

### बाइक सवार दंपती को ट्रक ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**सेदम।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम देवरी डूमरपारा निवासी सूखन एक्का (55 वर्ष) सुबह किसी काम के सिलसिले से पत्नी रीता एक्का (48 वर्ष) के साथ ससुराल सीतापुर बाकइ क्रमांक सीजी 15 डीयू 4819 से गया था। शाम को दोनों सीतापुर से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दंपति एनएच 43 सेदम बाजार के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार महिला ट्रक की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं पति घायल हो गया। पत्नी के मौत हो जाने पर पति राहगीर की मदद से ट्रक का पीछा किया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ पूछताछ में जूट गई है वहीं ट्रक चालक का कहना है कि उसके वाहन से दुर्घटना नहीं हुई है और दो तीन ट्रक ओवरटेक का गुजरे थे। बहरहाल पुलिस घटना कारित ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

### चाचा ससुर ने की बहू को जान से मारने की कोशिश

**सूरजपुर।** जमीन विवाद को लेकर चाचा ससुर ने न सिर्फ जमीन को अपना बताया बल्कि बहू को तलवार से जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। बसदेई चौकी क्षेत्र के ग्राम बांसापारा निवासी महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके चाचा-ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार 9 जुलाई की दोपहर करीब 12.30 बजे महिला अपने बेटे और बेटी के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत में जुताई-बुवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान उसका चाचा-ससुर लक्ष्मण देवांगन पत्नी के साथ मौके पर पहुंचा और हाथ में लोहे की तलवार लेकर सार्वजनिक रूप से लहराते हुए जमीन को अपना बताने लगा। साथ ही किसी को भी खेत में कदम रखने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला का यह भी कहना है कि विवादित जमीन का सीमांकन पहले ही राजस्व और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हो चुका है।

बिलखते- चीखते नन्हीं बेटी ने देखी अपनी मां की मौत का मंजर, डर में कांपती रही

# मासूम बच्ची के सामने मां को हाथी ने सूंड़ से पटका, फिर पैर से कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

- औरानारा में भी ग्रामीण की जान ले ली हाथी ने
- वन विभाग की गाड़ी को पहुंचाया नुकसान, धरमजयगढ वनमंडल की घटना

एक मासूम बच्ची के सामने उसकी मां को पहले हाथी ने सूंढ़ से पटका और पैर से कुचल दिया। इस घटना में वह गंभीर रुप से घायल हो गई। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में शौच के लिए बाहर गए एक ग्रामीण को हाथी ने पटककर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। आक्रोशित हाथी ने रेस्क्यू के लिए पहुंचे वन विभाग के वाहन को भी गुस्से में पलटने की कोशिश की। इसका वीडियो ग्रामीणों ने छत सें बनाया। वन अमला लगातार प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा है।

जानकारी के अनुसार पहली घटना कापू वन परिक्षेत्र के तालगांव की है जहां तड़के करीब चार बजे एक हाथी अचानक गांव में घुस आया। हाथी को बस्ती में देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई और सभी अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। इसी दौरान 37 वर्षीय शकुंतला बाई भी घर से बाहर निकलकर भागने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन हाथी ने उन्हें दौड़ाकर पटक दिया और कुचल दिया। उस समय वहां शकुंतला बाई की बच्ची भी मौजूद थी। हमले में गंभीर रूप से घायल शकुंतला बाई को परिजन और ग्रामीण तत्काल कापू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना के दौरान उनकी छोटी बेटी अपनी मां को घायल अवस्था में देखकर बिलखती रही। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर

⏭ शेष पेज 4 पर





### हाथियों की गतिविधियों की कर रहे निगरानी

बीते 24 घंटों के भीतर हाथियों के हमले से दो लोगों की मौत की खबर से ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ तौर पर देखी जा सकती है। बताया जा रहा है कि बीती रात उक्त दंतैल हाथी ने काफी गांव में काफी उत्पात मचाया है। मुख्य बात यह है कि इस क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों के दल से अलग हुए दंतैल हाथी गांव में लगातार दाखिल हो रहे हैं और फसल सहित जान माल का नुकसान कर रहे हैं।

### छत से ग्रामीणों ने बनाया वीडियो

गांव में हाथियों की आमद की जानकारी मिलने पर जब वन अमले की एक टीम मौके पर पहुंची तो उस वक्त तक उक्त दंतैल दूसरी ओर था, लेकिन वह दौड़ते हुए वन अमले की गाड़ी के पास पहुंचा और उसे पलटाने की कोशिश की। इस पूरी घटना का वीडियो ग्रामीणों ने अपने मोबाइल में बनाया। ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए छत में चले गए थे।

## विशेष अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों का सत्यापन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा ने संभाग में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने व अपराधों पर रोकथाम सहित उनके धड़पकड़ हेतु जिलों में निवासरत किरायेदार, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध व्यक्तियों, मुसाफिरों, एवं दूसरे राज्यों के फरार आरोपियों के अलावा असामाजिक तत्वों जैसे व्यक्तियों का विशेष अभियान चलाकर सत्यापन करने हेतु समस्त पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है।



हाल ही में एक ऐसी घटना जिला सरगुजा पुलिस के संज्ञान में आया हैं जो बासेपुर धनबाद (झारखण्ड) निवासी गैंगस्टर साबीर आलम जो गैंग्स ऑफ बासेपुर का डॉन कहे जाने वाले फहीम खान, बासेपुर धनबाद की मां और मौसी को 18 अक्टूबर 2001 को दिन दहाड़े अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की थी। हत्या के आरोपी साबीर आलम को उच्च न्यायालय झारखण्ड द्वारा भगोड़ा घोषित किए जाने के दौरान से आरोपी साबीर आलम झारखण्ड से फरार होकर वर्ष 2013 से मोमिनपुरा अम्बिकापुर में बस कम्पनी व सिलाई दुकान की आड़ में अपनी पहचान छुपाकर रह रहा था। हत्या जैसे आरोपी को शरण देने में यहाँ के लोगों की संलिप्तता परिलक्षित होना पाया गया है।

### पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश

पुलिस महानिरीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुये समस्त पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिये कि आपने जिला इकाई में नोडल अधिकारीयों के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाकर किरायेदार बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध व्यक्तियों, मुसाफिरों, दीगर राज्यों के फरार आरोपियों के अलावा असामाजिक तत्वों जैसे संदिग्ध व्यक्तियों का डिटेल सत्यापन करने हेतु निर्देशित किये है। चलाये जाने वाले विशेष सत्यापन हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। आम जनता से यह भी अपील की गई है कि अपने अधीनस्थ, संपर्क में रहने वाले लोगों की सही-सही जानकारी देने में पुलिस की मदद करें एवं आपके संज्ञान में यदि किसी भी प्रकार का कोई संदिग्ध, अपराधी किस्म का व्यक्ति आपके वार्ड, मोहल्ले में निवास कर रहा हो तो उसकी जानकारी गोपनीय तरीके से पुलिस अधिकारी को देने में सहभागिता निभाएं।

## जिले के सभी ब्लॉकों में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर दमनात्मक कार्रवाई तथा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को जिले के सभी विकासखंडों में कांग्रेसजनों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। जिले के जशपुर, कुनकुरी, मनोरा, ब्लॉक मुख्यालय में पुतला दहन कर नारेबाजी की गई। जशपुर मुख्यालय के बस स्टैंड तथा मनोरा ब्लॉक में आयोजित विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यूडी मिंज, पूर्व विधायक विनय भगत, मनोरा ब्लॉक अध्यक्ष संजीव भगत, जशपुर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अमित महतो एवं जशपुर शहर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। जिले में आयोजित कार्यक्रम में हीरू राम निकुंज, मनमोहन भगत, हैप्पी कमल कुजूर, मोनू अग्रवाल, महेश त्रिपाठी, सरवर अली, उर्मिला भगत, प्यारी कुजूर, शबनम खातून, रामा ताम्रकार, अजय टोप्पो तथा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय पाठक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुनकुरी में जुटे कार्यकर्ता

शुक्रवार को कुनकुरी बस स्टैंड में केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पुतला दहन कर नारेबाजी की। कार्यक्रम में मनोज सागर यादव, ताहिर अली, महेश त्रिपाठी, अंजना मिंज, दिलीप जैन, सरवर अली, वाल्टर कुजूर, दीपक केरकेट्टा, जीतवाहन कंसारी, रामकुमार सन्याशी, संजय पाठक, हेमानंद यादव, शमीम अहमद, एम.डी. इरफान, एम.डी. फारूक, अमृत मिंज, अरशद हुसैन, विजय यादव, महेश यादव, अफरोज अली, मोनू अग्रवाल, जेनसन एक्का, आशीष सतपति, आशीष कंसारी, अलमा लकड़ा, अरविंद कुजूर, विवेक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी बीइओ कीः गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विकासखंडों के बीईओ, एबीईओ और बीआरसीसी का शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन हेतु एकदिवसीय उन्मुखीकरण संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में हुआ। उन्मुखीकरण की शुरुआत प्रशिक्षण से अपेक्षाओं से प्रारंभ किया गया। यशस्वी जशपुर के नोडल विनोद गुप्ता ने बताया कि अपेक्षाओं एवं समस्या का समाधान वही व्यक्ति कर सकता है जो जीवन में आत्म सम्मान चाहता है और जो मानव बनकर नौकरी नहीं बल्कि सेवा करना चाहता हो। विनोद गुप्ता ने बताया कि ऊर्जा ही ईश्वर का स्वरूप है। एक शिशु ईश्वर का स्वरूप होता है क्योंकि उसके जन्म के समय उसमें सकारात्मक ऊर्जा शत प्रतिशत होती है जो कि धीरे-धीरे कम होती चली जाती है। उन्होंने कहा कि नकारात्मकता से मनुष्य के आचरण में जो बदलाव होता है, उसके अनुसार ही एक मनुष्य देवता, महामानव, मानव और दानव बनता है। एक खराब शिक्षक केवल कुछ बच्चों का भविष्य खराब करता है लेकिन एक खराब बीईओ हजारों बच्चों का भविष्य खराब कर सकता है।

### मिशन मोड में काम करें

विनोद गुप्ता ने नौकरी और सेवा में सोलह बिंदु पर अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि नौकरी करने वाले अधिकारी जीविका उपार्जन और वेतन के लिए काम करते हैं जबकि सेवा करने वाले अधिकारी राष्ट्र निर्माण और छात्रों के भविष्य आनिर्माण के लिये काम करते हैं। उन्होंने कहा कि नौकरी करने वाले चुनौती को समस्या समझते हैं जबकि सेवा करने वाले चुनौती को अवसर मान कर मिशन मोड में काम करते हैं। प्रशिक्षण के अन्त में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाई एवं हाइयर सेकेंडरी विद्यालयों के ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रपत्र को विश्लेषित करते हुए अधिकारियों से चर्चा की गई एवं उसमें आमूलचूल परिवर्तन किए गए।

### कार्यशाला का समापन

सभी अधिकारियों का पूरे मन और पूरी क्षमता से कार्य करने के स्लोगन के साथ सभी अधिकारियों से लिखित प्रतिवेदन लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला के समापन की घोषणा की गई। इस कार्यशाला में यशस्वी जशपुर के सहयोगी संजीव शर्मा, सदस्य अवनीश पांडेय एवं संजय दास आवश्यक सहयोग हेतु उपस्थित रहे।

## गौवंश तस्करी मामले में फरार वाहन मालिक गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जशपुर पुलिस द्वारा गौवंश तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ₹ऑपरेशन शंखनाद₹ के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जिलेभर में गौ तस्करी में संलिप्त अपराधियों, वाहन मालिकों एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध सतत अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लोदाम क्षेत्र में गौवंश तस्करी के एक प्रकरण में घटना के बाद से फरार चल रहे तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन के स्वामी मो. इम्तियाज उम्र 40 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। 14 अप्रैल 26 को थाना लोदाम पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम भलमंडा स्थित नेशनल हाईवे से एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक जेएच-01-एफपी-3193 में गौवंशों को अवैध रूप से तस्करी हेतु ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने वाहन को घेर लिया। पुलिस को देखकर तस्कर मौके से फरार हो गए, जबकि वाहन से 9 नग गौवंशों को सकुशल मुक्त कराया गया। घटना के संबंध में थाना लोदाम में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान जब्त पिकअप वाहन के आधार पर उसके स्वामी मो. इम्तियाज की पहचान की गई, जो घटना के दिन से ही लगातार फरार चल रहा था।



## सीएम हेल्पलाइन बनी दिव्यांगों के लिए सहारा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिले के बाबू सजबहार निवासी प्रफुल्ल बेक, जो दिव्यांग होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं, उनकी समस्या का भी समय पर निराकरण किया गया। प्रफुल्ल बेक को बीते वर्ष समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई थी, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण उनकी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल पिछले चार माह से बंद पड़ी थी।

उन्होंने 28 जून 2026 को सीएम हेल्पलाइन में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की मरम्मत के लिए संबंधित एजेंसी को उनके निवास पर भेजा गया। कुछ ही दिनों में उनकी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल ठीक कर दी गई।



## आकाशीय बिजली से बचने बरतें विशेष सावधानी

**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

नागरिकों से कहा गया है कि मौसम खराब होने, तेज गरज-चमक या बिजली कड़कने की स्थिति में लापरवाही न करें और तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, खेत, पहाड़ी क्षेत्र, नदी-तालाब एवं अन्य जलाशयों के आसपास जाने से बचें। साथ ही पेड़ों के नीचे खड़े न हों, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है। ऐसी स्थिति में किसी पक्के भवन या पूरी तरह बंद वाहन में शरण लेना सुरक्षित उपाय है। मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों का पालन करें तथा अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि कोई व्यक्ति खुले स्थान पर फँस जाए और तत्काल सुरक्षित स्थान तक पहुँचना संभव न हो, तो दोनों पैरों को आपस में मिलाकर नीचे झुक जाएँ, सिर नीचे रखें तथा हाथ घुटनों पर रखें। इस दौरान जमीन पर पूरी तरह न लेटें और अन्य लोगों से उचित दूरी बनाए रखें, ताकि संभावित खतरे को कम किया जा सके।



पुणे से आए वैज्ञानिक ने शिक्षकों को दी महत्वपूर्ण सिद्धांतों की जानकारी

# विज्ञान शिक्षकों के लिए विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की पहल एवं इनोवेशन एंड साइंस प्रमोशन फाउंडेशन के सहयोग से स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में कक्षा नवी एवं दसवीं में विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इन्नोवेशन एंड साइंस प्रमोशन फाऊंडेशन के फाउंडर और वैज्ञानिक, डॉ. प्रचेता मलिक और उनकी चार सदस्यीय टीम ने शिक्षकों को कई वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित प्रयोग कराए। ज्वाइंट कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा के मार्गदर्शन में इस बार जिले के सभी शासकीय हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में प्रयोग आधारित अध्ययन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से प्रयोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। पुणे से आए डॉ. प्रचेता मलिक के साथ उनकी टीम के सदस्यों रोबिन पुष्प, ऋतिक झा, हेमंत मुदलियार और रुचि सिंह ठाकुर ने सभी शिक्षकों को प्रयोग कराएं। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षकों ने डीआईवाई एक्टिविटी के माध्यम से पैराशूट , बैटरी, माइक्रोस्कोप , रेस्पिरोमीटर और स्ट्रा प्रोपेलर बनाना सीखा। इसके साथ ही एसिड बेस न्यूट्रलाइजेशन रिएक्शन , ज्यामिति की विभिन्न आकृतियों को पेपर के माध्यम से बनाना आदि भी शामिल रहा। भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान से जुड़े इन प्रयोगों का प्रशिक्षण स्थल पर व्यावहारिक प्रदर्शन हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एक्सपीरियंशियल लर्निंग, एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग और कंपिटेंसी बेस्ड लर्निंग को समझाते हुए एक्टिविटीज के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के विषय में भी बताया गया। शिक्षकों को डिजिटल रूप से अन्य एक्सपेरिमेंट्स का मैन्युअल भी उपलब्ध कराया जाएगा , जिसमें स्वयं करके देखें गतिविधि के माध्यम से इलेक्ट्रोप्लेटिंग , मैग्नेटिक पेन स्टैंड, वाइब्रेटिंग मेंबरेंन्स, क्रोमेटोग्राफी, सेंट्रीफ्यूज, डाइजेशन स्टार्च, सॉइल इरोजिन मॉडल और मैग्नेटिक फील्ड लाइन शामिल है।



## कार्यालय की छत का प्लास्टर गिरा परियोजना अधिकारी समेत तीन घायल

**सीतापुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के जर्जर हो चुके भवन के छत का प्लास्टर भरभराकर गिर गया। प्लास्टर गिरने से चपेट में आने से परियोजना अधिकारी का सिर फट गया एवं पर्यवेक्षक समेत दो अन्य घायल हो गए है। इस घटना के बाद परियोजना अधिकारी को हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनके सिर चार टांके लगे। इस हादसे के बाद कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यालय में लगभग तीन बजे परियोजना अधिकारी सिब्रिया केरकेट्टा पर्यवेक्षक एवं कर्मचारियों की बैठक ले रही थी। बैठक में विभागीय योजनाओं समेत क्षेत्र में संचालित होने वाली आंगनबाड़ी केंद्रों के व्यवस्थित तरीके से संचालन पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान दशकों पुराने छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आने से परियोजना अधिकारी सिब्रिया केरकेट्टा का सिर फट गया। इसके साथ ही पर्यवेक्षक प्रीति कश्यप एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर शिखा साहू भी चोटिल हो गई।तीनों घायलों को तत्काल हॉस्पिटल ले जाया गया जहां परियोजना अधिकारी के सिर में तीन टांके लगे। इसके साथ ही घायल पर्यवेक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर का भी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार किया गया। इस हादसे के बाद वहां कार्यरत कर्मचारियों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। दुर्घटना की आशंका की वजह से कर्मचारी दशकों पुराने जर्जर कार्यालय जाने से कतराने लगे है।



# म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

लाइफ Style

# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।




हॉलीवुड मसाला




# ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




# 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कन्फर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




# मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




# द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

टीवी मसाला



# रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

## हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को



नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।

# सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

# राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों



में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।

### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

# लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।' यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## खबर संक्षेप

### गैस सिलेंडर होम डिलीवरी नहीं होने से क्षेत्र के लोग परेशान

**बलरामपुर।** गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं होने की वजह से बलरामपुर क्षेत्र वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सागर एचपी गैस एजेंसी रामानुजगंज में स्थित है और बलरामपुर जिले का लगभग सबसे पहला गैस एजेंसी है जिसके वजह से बलरामपुर के क्षेत्र से बड़े पैमाने पर लोग इस एजेंसी से अपना गैस कनेक्शन लिए है। बलरामपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में गैस उपभोक्ता इस एजेंसी के हैं। मार्च से पहले एजेंसी द्वारा बलरामपुर क्षेत्र में आकर के होम डिलीवरी प्रदान किया जाता था लेकिन पिछले तीन महीना से अधिक समय हो गया है लेकिन एजेंसी द्वारा सप्लाई नहीं दिया जा रहा है इसके वजह से काफी परेशान है। गैस उपयोगिता बड़ी मुश्किल से समय निकालकर यदि रामानुजगंज आना-जाना 60 किलोमीटर दूरी तय करते हैं तो लगभग 11 सौ में मिलने वाले सिलेंडर में 15 सौ से ऊपर पड़ता है। इसके अलावा दिन भर की मजदूरी अलग से बर्बाद होता है। इस हिसाब से देखा जाए तो एक सिलेंडर उन्हें 2000 के आसपास पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यदि उपभोक्ता 60 किलोमीटर दूरी तय कर जाते भी है तो यह तय नहीं होता है कि उन्हें गैस सिलेंडर मिलेगा। अमीर और बड़े उपभोक्ता तो जाकर के और जुगाड़ करके ले आते हैं लेकिन मध्यम उपभोक्ता के लिए इतनी दूर से गैस लाना बड़ा मुश्किल हो गया है। ऐसे में उपभोक्ता परेशान है। प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की उचित पहल नहीं होने से उपभोक्ता में नाराजगी है। बलरामपुर क्षेत्र के जावर, महाराजगंज, भीलवाड़ीह, ओवरी, ब्रदर गांव के अलावा शहर के लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं होने से परेशान है।

### महिला स्व-सहायता समूह की राशि में अनियमितता पर एफआईआर दर्ज

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी मिथलेश पैंकरा ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित महिला समूह के नाम पर 6 लाख रुपए निकालने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच हेतु समिति गठित की गई थी। जांच समिति के द्वारा पाया गया कि ग्राम पंचायत कोसगा की सक्रिय महिला अंबानी महतवार के द्वारा आम महिला स्व सहायता समूह से 1.20 लाख एवं अनमोल आजीविका ग्राम संगठन से 5.99 लाख कुल रूपए 7.19 लाख नियम विरूद्ध लिया गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अंबानी महतवार को 10 दिवस के भीतर ब्याज सहित सम्पूर्ण राशि संबंधित संगठनों को वापस करने हेतु निर्देशित किया गया, किंतु उक्त अवधि में इनके द्वारा राशि वापस नहीं की गई। राशि वापस नहीं करने के कारण लखनपुर के चारपारा के कोसगा की निवासी पवित्री चैधरी के द्वारा थाना लखनपुर में उपस्थित होकर उनके साथ हुए फर्जीवाड़े के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके अनुसार अबांनी महतवार लगभग 1 वर्ष से स्व सहायता समूहों का पैसा अपने पास रखी हैं एवं पैसा वापस नहीं कर रही हैं। जिसके आधार पर थाना प्रभारी लखनपुर के द्वारा भारतीय दण्ड संहिता 2023 की धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने समस्त मैदानी अमलों एवं स्व सहायता समूहों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किया गया है, कि भविष्य में किसी भी संगठन में किसी भी स्तर पर कोई वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान के क्रियान्वयन के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यशाला



**राजपुर।** शासन की महत्वाकांक्षी 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने की। जिला मुख्यालय से पहुंचे विशेषज्ञ प्रशिक्षण दल ने अभियान के संचालन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में जनपद स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव, पटवारी, आरईएओ, मितानिन तथा विभिन्न विभागों के मैदानी अमले ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बेसलाइन सर्वे के उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सटीक आंकड़ों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वे पूरी पारदर्शिता, शुद्धता और जमीनी हकीकत के आधार पर किया जाना चाहिए, ताकि पात्र हितग्राहियों की सही पहचान हो सके और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। प्रशिक्षण में डेटा संग्रहण की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियां और तकनीकी पहलुओं पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। अध्यक्षता कर रहे एसडीएम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सर्वे कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी अपने आवंटित क्षेत्र में पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से कार्य करे तथा समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता सही और विश्वसनीय आंकड़ों पर निर्भर करेगी। कार्यशाला के अंत में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सर्वे से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस दौरान तहसीलदार कावेरी मुखर्जी, जनपद सीईओ संजय दुबे, कार्यक्रम अधिकारी मान साय सिदार व अन्य अधिकारी कर्मचारी थे।

### ग्रामीणों ने लगाया प्राकृतिक गड्ढे की मरम्मत कर बांध का रूप देने का आरोप

# बैजनाथपुर के बांध निर्माण में भारी गड़बड़ी



निर्माणाधीन बांध।



निर्माण में लगे जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत बैजनाथपुर में ग्रामीणों को सिंचाई सहित निस्तारण के लिए पानी उपलब्ध हो इसके लिए बांध निर्माण किया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने बांध निर्माण में भारी गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह बांध बनाया जा रहा है वहां पहले से प्राकृतिक गड्ढा है जिसकी मरम्मत कर नया बांध का रूप दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बांध निर्माण की जांच व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**खास बातें**
- पांच लाख की लागत से बन रहा बांध
- मनरेगा नियम के विरुद्ध जेसीबी का किया गया उपयोग

सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ग्राम पंचायत बैजनाथपुर ब में पूरी तरह फेल हो गई है। यहां 5 लाख रुपये की लागत से बन रहे बांध के नाम पर सरकारी राशि का बंदरबाट किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई नया बांध नहीं है बल्कि यह पहले से प्राकृतिक रूप से बना गड्ढा है। उसके नीचे की तरफ थोड़ी मिट्टी डालकर और दोनों किनारों को पाट कर उसे बांध का रूप दिया जा रहा है। बांध में लगाने के लिए कार्य स्थल पर रखा हुआ बोल्डर बेहद घटिया क्वालिटी के हैं। ग्रामीणों के अनुसार पोखरी का धुस्की पत्थर कार्यस्थल पर गिराया गया है जो हाथ से मसलने पर टूट जा रहा है। जिस तरह से बांध निर्माण किया जा रहा और जो मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है उससे बांध के पहली बारिश में ही बहने का खतरा है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य शुरू होने से लेकर आज तक जिम्मेदार इंजीनियर और तकनीकी सहायक एक बार भी मौके पर निरीक्षण करने नहीं आए जिससे मनमानी तरीके से घटिया सामग्री उपयोग कर राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बांध निर्माण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### फर्जी हाजरी और जेसीबी का उपयोग

बांध निर्माण में सिर्फ 18 मजदूरों ने 36 दिन काम किया है। मनरेगा की दर से लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये का ही काम हुआ है। लेकिन पंचायत द्वारा कागजों में 2 लाख 70 हजार रुपये खर्च दर्शा कर भुगतान निकाल लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शेष काम जेसीबी मशीन से कराया गया है जो मनरेगा नियमों के विरुद्ध है। फर्जी हाजरी भरकर 1.50 लाख रुपये से अधिक की राशि डकार ली गई है।

#### नहीं है सूचना पटल नहीं

मनरेगा नियमों के अनुसार प्रत्येक कार्य स्थल पर सूचना पटल लगाना अनिवार्य है। लेकिन जहां बांध निर्माण किया जा रहा है वहां सूचना पटल ही नहीं लगाया गया है। ऐसे में ग्रामीणों को कार्य की लागत, अवधि और मजदूरों की सही जानकारी नहीं मिल पा रही।

#### मजदूरों से धोखा

मजदूरों का आरोप है कि उन्होंने 6 सप्ताह काम किया है लेकिन उन्हें सिर्फ 1 सप्ताह का भुगतान मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत से राशि का बंदरबाट किया जा रहा है। अब जी.राम जी योजना में भी गड़बड़ी की जा रही है।

#### ग्रामीणों की जांच मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर और भैयाथान जनपद पंचायत सीईओ से मांग की है कि तत्काल निर्माणाधीन बांध की जांच करने टीम भेजकर मस्टरोल का सार्वजनिक वाचन कराया जाए। फर्जी भुगतान की वसूली कर दोषी सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और इंजीनियर पर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही घटिया कार्य को निरस्त कर गुणवत्तायुक्त निर्माण कराया जाए।

#### कराई जाएगी जांच

बांध निर्माण में गड़बड़ी की जा रही है तो इसकी जानकारी नहीं है। टीम भेजकर जांच कराता हूं। जांच में दोषी पाए जाने पर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-विनय कुमार गुप्ता
जनपद सीईओ



## सिलसिलेवार चोरी के मामले में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

नगर में सिलसिलेवार ढंग से चोरी की वारदातों को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी करने वाले नाबालिग और चोरी का सामान छिपाने में सहयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सोने चांदी के आभूषण और दो नग स्कूटी को बरामद किया है।

- चोरी की दो स्कूटी, सोने चांदी के जेवर बरामद

बताया जा रहा है कि 19-20 जून की दरमियानी रात नगर के तिवारी कालोनी निवासी तसिया एक्का के सूने मकान में खिड़की की जाली उखाड़कर चोर ने स्कूटी की चाबी निकालकर टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 0463 चोरी कर ली थी। घटना की शिकायत महिला ने पुलिस से की थी। इसके साथ ही 1 व 2 जुलाई की दरमियानी रात वार्ड क्रमांक 4 जशपुर रोड निवासी चंदन गुप्ता के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर ने घर में रखे सोने चांदी के जेवर, नगदी, एप्पल मोबाइल फोन व घर के बाहर खड़ी टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी को चोरी कर ली थी। सिलसिले वार ढंग से हुई चोरियों की सूचना के बाद एसपी वैभव बैंकर ने मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देश पर एसडीओपी कुसमी के नेतृत्व में मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दोनों ही घरों में चोरी करने की बात कबूल करते हुए चोरी के सामान को अपने साथी सुरेन्द्र नगेसिया के पास छिपाने की बात कही। पुलिस ने अंबिकापुर से सुरेन्द्र नगेसिया को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने के साथ ही निशानदेही पर चोरी की गई दोनों स्कूटी, सोने चांदी के आभूषण समेत 25 लाख रुपए का सामन बरामद किया है। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक व सुरेंद्र नगेशिया पर बीएनएस की धारा 305 (ए) ,331(4) के तहत कार्रवाई की है।

## कीचड़ में तब्दील ग्राम पंचायत बेकोना की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के दावे कर रही है, वहीं प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बेकोना की सड़क बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में न सिर्फ ग्रामीण परेशान है वहीं स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे रोजाना कीचड़ और गहरे गड्ढों से भरी सड़क पर जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं।

- बच्चों सहित ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत वर्षों से खराब है। बारिश शुरू होते ही पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। कई जगह पानी भर जाने से यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चे फिसलते हुए, कपड़े और जूते कीचड़ में सने हुए किसी तरह स्कूल पहुंचते हैं। कई बार बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। धरातल पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल सड़क की समस्या नहीं, बल्कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। जब स्कूल जाने का रास्ता ही सुरक्षित नहीं होगा तो शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की नियमित उपस्थिति पर भी सीधा असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की मंशा गांवों तक विकास पहुंचाने की है, लेकिन कई स्थानों पर अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही से योजनाओं का अपेक्षित लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा। यदि समय पर सड़क की मरम्मत कराई जाती तो बच्चों और ग्रामीणों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## बारिश के बीच वार्डों में पसरा अंधेरा, बंद पड़ी है स्ट्रीट लाइट, शिकायत के बाद भी नही सुधरी

**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड इन दिनों अंधेरे में डूबे हुए है और वार्डों में कचरे का अम्बार फैला हुआ है। एक तरफ वार्डों में बारिश के समय अंधेरा होने से सड़क दुर्घटना के साथ ही सांप व अन्य जहरीले जंतुओं का ख़तरा बढ़ गया है। वहीं दूसरी तरफ सफाई नहीं होने से बरिश में लोगों को गन्दगी से बीमारी का डर सता रहा है।

- वार्डों में कचरे का अंबार

बता दें कि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 5 एव 6 में पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से सड़कों पर अंधेरा पसरा हुआ है। वहीं वार्ड क्रमांक 7 में कुछ हिस्सों में ही स्ट्रीट लाईट चल चल रहे है। इसक प्रमुख कारण है कि वार्डो के स्ट्रीट लाईट बारिश में खराब हो गए है। स्ट्रीट लाईट बंद होने से ही वार्डों में अंधेरा हो गया है। इस दौरान बारिश के समय रात को सड़क पर चलने वाले लोगों को दुर्घटना का डर सता रहा है। इसके साथ ही अंधेरे में सांप व अन्य जहरीले जन्तुओं का खतरा भी बढ़ गया है। इधर नगर के वार्डों में सफाई व्यवस्था भी कई दिनों से चरमरा गई है। वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने के कारण घरों के सामने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। बड़ी बात यह है कि वार्डों में फैले अंधेर व कचरे को लेकर वार्ड वासियों द्वारा कई बार मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को शिकायत की जा चुकी है। लोगों ने स्ट्रीट लाईट के मरम्मत और सड़कों पर सफाई की मांग की थी एल्किन एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ना ही बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराई गई है और न ही सफाई व्यवस्था में कोई सुधार देखने को मिला है।



इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत विद्यासागर चौधरी का कहना है कि नपं के इलेक्ट्रीशियन सड़क हादसे में घायल हो गया था। इस लिए स्थिति बिगड़ी है। जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी।


## डीएवी स्कूल में क्लस्टर स्तरीय नेशनल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन आज से

**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल शनिवार 11 जुलाई को डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट 2026 की मेजबानी करने जा रहा है,सुबह 9 बजे होने वाले उद्घाटन समारोह के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। इस आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और विद्यार्थियों, अभिभावकों व खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खेल महोत्सव में विभिन्न डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दौड़, एथलेटिक्स सहित कई खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी जीत का परचम लहराने के लिए मैदान में उतरेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं डीएवी पब्लिक स्कूल की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय सिंह होंगे।विद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच है। खेल बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं, कार्यक्रम में सीजी जोन बी की मैनेजर एवं एआरओ मोल्लिका मुखर्जी तथा डीएवी पब्लिक स्कूल्स सीजी जोन के रीजनल ऑफिसर प्रशांत कुमार भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## शाला प्रवेशोत्सव में स्कूली छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण

**अम्बिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारगवा विकासखंड अंबिकापुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं निःशुल्क साइकिल सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण समारोह सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रबोध मिंज एवं अध्यक्ष श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया जिला पंचायत सदस्य अंबिकापुर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

स्वागत उपरांत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात प्राचार्य संजीव कुमार सिंह ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, गत वर्ष के परीक्षा परिणाम एवं विद्यालय के गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या भारत सिंह सिसोदिया ने छात्र- छात्राओं को ध्यान लगाकर पढ़ाई करने एवं स्कूल के समय को जीवन के महत्वपूर्ण चरण के रूप में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने कहा कि इस 7 साल मे यदि आप मेहनत करेंगे तो आपके आने वाले 50 साल सुखमर होंगे ।उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा से मोबाइल को जोड़कर



उसका सदुपयोग करने की सलाह दी। मुख्य अतिथि माननीय प्रबोध मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा आप अपने जीवन का लक्ष्य प्रबल रखिए और उसी पर मेहनत करके लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में सकारात्मक सोच रखिए आप अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होकर प्रयत्न करेंगे तो आप नौकरी करें या व्यवसाय आप को सफलता आवश्य मिलेगी। जीवन की चुनौतियां को स्वीकार करते हुए आपको मन लगाकर पढ़ाई करना है। इसके बाद नव प्रवेशी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। तत पश्चात निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत विद्यालय की 48 छात्राओ को निशुल्क साइकिल प्रदान किया गया ।

## प्रधान पाठक को दी गई विदाई, शिक्षा सेवा को बताया अमूल्य धरोहर

**सोनगरा।** विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मिडिल एवं प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य, समूह नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अतिथियों ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक कुमेन्द तिवारी के लंबे शैक्षणिक जीवन, अनुशासन, कार्यशैली एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक कुमेन्द तिवारी ने कहा कि उन्हें सदैव सहयोग सम्मान और स्नेह मिला। उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि



सेवानिवृत्ति जीवन की एक स्वाभाविक एवं सतत प्रक्रिया है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को गुजरना पड़ता है। सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शरद चंद्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जीवन जीने की दिशा भी देता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस दौरान प्राचार्य अकबर कुरैशी, प्रधान पाठक अनुरंजना मिंज, बाबूलाल राजवाड़े, ईश्वर दयाल जायसवाल, यमुना प्रसाद तिवारी, जगदीश सूर्यवंशी, गवटिया सिंह, शकुंतला सिंह, स्वीटी सिंह ,विकास तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कैश वैन व कार की टक्कर, दंपती घायल

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 43 पर सिलफिली के पिलखा क्षीर के पास गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कैश वैन और कार की आमने-सामने की टक्कर में दंपती घायल हो गए हैं। हादसा से कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कैश वैन सड़क किनारे नाली में जा घुसी। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलफिली निवासी 56 वर्षीय गौरांग चन्द्र मंडल पत्नी चंचला मंडल के साथ मारुति ऑल्टो कार क्रमांक सीजी 15 बी 6820 से बिश्रामपुर से अपने घर सिलफिली लौट रहा था,तभी एनएच 43 पर रात लगभग 10 बजे सिलफिली के पिलखा क्षीर के पास अंबिकापुर की ओर से आ रही कैश वैन क्रमांक एमपी 04 डब्ल्यूसी 2377 के चालक आनंद सिंह ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार का दाहिने तरफ का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि अनियंत्रित कैश वैन सड़क से उतरकर नाली में जा फंसी। हादसे में प्रार्थी गौरांग चन्द्र मंडल के सिर, हाथ, पैर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं।






## खबर संक्षेप



### सुशासन तिहार बना किसान के लिए वरदान

**सारंगढ़।** सुशासन तिहार 2026 जिले के किसानों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया है। बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम मड़कड़ी निवासी किसान राशीराम आदित्य इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल हैं। ग्राम मड़कड़ी में विगत 5 जून को आयोजित सुशासन तिहार शिविर में उन्होंने खेती किसानी के कार्य को आधुनिक और सरल बनाने के उद्देश्य से पावर वीडर मशीन प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। कृषि विभाग द्वारा प्रक्रिया पूरी करते हुए आवेदन का शीघ्र निराकरण किया गया। कृषि विभाग की पहल से राशीराम आदित्य को 52 हजार कीमत की पावर वीडर मशीन उपलब्ध कराई गई। शासन की अनुदान योजना के अंतर्गत उन्हें 15 हजार की सब्सिडी का लाभ मिला, जिससे किसान को केवल 37 हजार का भुगतान करना पड़ा। इस सहायता से आधुनिक कृषि यंत्र अब उनकी खेती का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। पावर वीडर मशीन के उपयोग से खेतों की निराई गुड़ाई का कार्य अब कम समय और कम लागत में हो सकेगा। इससे श्रम की बचत होने के साथ-साथ खेती की उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। आधुनिक कृषि यंत्र मिलने से किसान अब अधिक दक्षता के साथ कृषि कार्य कर सकेंगे।

### केंद्रीय टीम ने किया कुष्ठ खोज अभियान की जांच



**सारंगढ़।** जिले में चल रहे कुष्ठ खोज अभियान के तहत केंद्रीय टीम ने बिलाईगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने घर-घर सर्वेक्षण, हाउस मार्किंग, संदिग्ध मरीजों के चिन्हांकन तथा ग्रामीणों से संवाद कर मैदानी कार्यों का गहन सत्यापन किया। केंद्रीय टीम ने अभियान की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि विकासखंड बिलाईगढ़ में सघन कुष्ठ खोज अभियान का संचालन योजनाबद्ध एवं प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। टीम ने अभियान के सफल क्रियान्वयनए बेहतर समन्वय तथा गुणवत्तापूर्ण कार्यों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय दल के सदस्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बालाजी एवं सहायक निदेशक, एपिडेमियोलॉजी डॉ. किरण स्वपनिल अखाड़े उपस्थित रहीं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मासूम बच्ची के ...

पहुंची, लेकिन हाथी काफी आक्रामक था। इसी बीच बचाव कार्य के दौरान एक हाथी ने वन विभाग के वाहन पर भी हमला कर दिया। उसने सूंड़ और सिर से जोरदार धक्का मारकर गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हाथी का आक्रामक रुख साफ दिखाई दे रहा है। इधर दूसरी घटना छाल वन परिक्षेत्र के ग्राम औरानारा में हुई। यहां 50 वर्षीय बंधन अगरिया सुबह शौच के लिए घर से बाहर निकले थे। बताया जा रहा है कि गांव के पास पहले से एक हाथी मौजूद था। अनजाने में ग्रामीण उसके काफी करीब पहुंच गया, जिससे हाथी भड़क उठा और हमला कर दिया। हमले में बंधन अगरिया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा और अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद वन विभाग ने नियमानुसार सहायता राशि की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोगों ने वन विभाग से हाथियों की निगरानी बढ़ाने, समय पर अलर्ट जारी करने और प्रभावित गांवों में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

### शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर कवायद

# अब पालकों की जिम्मेदारी, गुरुजी खेल रहे मोबाइल तो कर सकते हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

जिले के शासकीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि विद्यालयों का उद्देश्य केवल पठन-पाठन संचालित करना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना और उसके सीखने के स्तर में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, समय पर कक्षाओं का संचालन, प्रभावी अध्यापन तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे ऐसे परिवारों से आते हैं, जिनके लिए शिक्षा ही बेहतर भविष्य का सबसे बड़ा आधार है। इसलिए प्रत्येक शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करे और विद्यालय का पूरा समय विद्यार्थियों के अध्यापन, मार्गदर्शन तथा सीखने का बेहतर वातावरण तैयार करने में लगाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में केवल शिक्षकों की उपस्थिति नहीं, बल्कि कक्षाओं में गुणवत्तापूर्ण अध्यापन और उसका परिणाम भी दिखाई देना चाहिए। कलेक्टर ने अभिभावकों एवं आम नागरिकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि यदि किसी विद्यालय में शिक्षक बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने के बजाय मोबाइल फोन के अनावश्यक उपयोग अथवा अन्य गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में संलग्न रहते हों और इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही हो, तो इसकी जानकारी सीधे कलेक्टर अथवा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दें। शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में समाज और अभिभावकों की भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों का नियमित निरीक्षण केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि कक्षाओं में जाकर अध्यापन व्यवस्था, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और शैक्षणिक प्रगति का गंभीरता से मूल्यांकन किया जाए। यदि किसी विद्यालय में लगातार शिकायतें मिलती हैं अथवा अपेक्षित शैक्षणिक सुधार नहीं दिखता है, तो संबंधित शिक्षक के साथ-साथ प्राचार्य, संकुल समन्वयक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी की भी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकासखंड की प्रगति की नियमित समीक्षा होगी और आवश्यक होने पर प्रशासनिक निर्णय भी लिए जाएंगे।

बैठक में वर्ष 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणाम, कमजोर एवं अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्ययोजना, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सुविधाएं, समग्र शिक्षा, राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा तथा विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने निजी विद्यालयों के प्राचार्यों की आगामी सप्ताह बैठक लेकर शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश डीईओ एवं डीएमसी को दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर गोकुल आरके, जिला शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू, डीएमसी आलोक स्वर्णकार, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एबीईओ, बीआरसी तथा शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### बच्चों को स्कूल तक लाने चलेगा विशेष अभियान

नए प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालयों से जोड़ने तथा पंचायत प्रतिनिधियों एवं अभिभावकों के सहयोग से कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्था, भवनविहीन एवं जर्जर विद्यालयों में वैकल्पिक व्यवस्था, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, विद्यालय परिसरों में मुनगा सहित पोषणयुक्त पौधों का रोपण तथा प्रत्येक विकासखंड में मॉडल स्कूल विकसित करने के निर्देश भी दिए।



## सड़क पर चलाया केजव्हील जब्त हो गया ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

खेतों में उपयोग होने वाले डबल केज व्हील युक्त ट्रैक्टर सड़क पर चलने से खराब होने की संभावना रहती है। इसके खिलाफ प्रशासन ने भी कार्रवाई करना चालू कर दिया है। इसी क्रम में तहसील सरिया के ग्राम बोन्दा में बिना पट्टी लगाए डबल केज व्हील के साथ सड़क पर ट्रैक्टर चलाते पाए जाने पर राजस्व पुलिस एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

ट्रैक्टर मालिक छोटे लाल अपने ट्रैक्टर में डबल केज व्हील लगाकर बिना रबर अथवा सुरक्षा पट्टी लगाए सार्वजनिक सड़क पर संचालन कर रहे थे। संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के लोहे के केज व्हील बिना पट्टी के सड़क पर चलने से सड़क की डामर एवं कंक्रीट सतह को भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही इससे अन्य वाहन चालकों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ट्रैक्टर मालिक छोटे लाल के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में भी यदि कोई किसान या वाहन चालक बिना पट्टी लगाए डबल केज व्हील के साथ सड़क पर ट्रैक्टर चलाते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

#### पहले ही दी जा चुकी थी समझाइश

अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई से पूर्व किसानों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया था। ग्राम पंचायतों के माध्यम से सचिव, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसानों के घर घर जाकर समझाइश दी गई थी कि खेतों में उपयोग होने वाले डबल केज व्हील के साथ यदि सड़क पर ट्रैक्टर चलाना हो तो निर्धारित सुरक्षा पट्टी लगाना अनिवार्य है। इसके अलावा किसानों को यह भी बताया गया था कि नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैक्टर जब्त करने सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

केज व्हील वाले वाहनों का सड़क पर उपयोग करने के कारण जब्ती की कार्रवाई की गई है। नियमों का पालन करने की समझाइश पहले ही दी गई थी। आगे भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।
**कोमल प्रसाद साहू, तहसीलदार सरिया**

## निजी स्कूलों की वाहनों की सुरक्षा भगवान भरोसे, कर रहे नियमों की खुलेआम अनदेखी



**चंद्रपुर।** सक्ति जिले के चंद्रपुर क्षेत्र में संचालित कई निजी स्कूलो में वाहनों की सुरक्षा नियमों को लेकर अनदेखी सामने आ रही है। स्कूल बसों और टाटा मैजिक जैसे वाहनों की समय-समय पर होने वाली फिटनेस जांच नहीं कराई जा रही है। कई वाहन बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा, पंजीयन और आवश्यक दस्तावेजों के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, कई वाहनों की वैधता अवधि भी समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद उनमें बच्चों का परिवहन किया जा रहा है। इससे प्रतिदिन स्कूल आने.जाने वाले बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया।

स्कूल वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ओवरलोड संचालन किया जा रहा है। कई वाहनों की सीटें फटी हुई हैं, खिड़कियों के शीशे टूटे हुए हैं और सुरक्षा जालियां भी नहीं लगी हैं। सफर के दौरान बच्चे हाथ और सिर खिड़की से बाहर निकालते दिखाई देते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। कई वाहनों में अग्निशमन यंत्रए प्राथमिक उपचार किट तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी मौजूद नहीं हैंए जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। जानकारी के अनुसार कुछ विद्यालयों में बिना पर्याप्त अनुभव और आवश्यक लाइसेंस वाले चालकों से भी स्कूल वाहन चलवाए जा रहे हैं। कई वाहनों में हेल्पर तक की व्यवस्था नहीं है और चालक निर्धारित वर्दी में भी नहीं रहते। स्कूल वाहनों के संचालन से जुड़े आवश्यक नियमों जैसे फिटनेस प्रमाण पत्र, वैध बीमा, पंजीयन, प्रदूषण प्रमाण पत्र, प्रशिक्षित चालक, सुरक्षा उपकरण, हेल्पर और नियमित जांच का पालन नहीं किया जा रहा है। अभिभावक मजबूरी में अपने बच्चों को इन्हीं वाहनों से स्कूल भेज रहे हैं, लेकिन उन्हें हर दिन किसी अनहोनी की चिंता सताती रहती है। यदि समय रहते प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाकर नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित नहीं कराया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

चंद्रपुर क्षेत्र में संचालित सभी स्कूल बसों की जल्द ही व्यापक जांच कराई जाएगी। बसों में सुरक्षा संबंधी सभी मानकों, आवश्यक दस्तावेजों एवं नियमों का परीक्षण किया जाएगा।
**सुमित गुप्ता, एसडीओपी डभरा चंद्रपुर**

### कुपोषण मुक्त जिला बनाने लगाए गए 19 शिविर

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के उद्देश्य को जिले में पूर्ण करने के लिए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के मार्गदर्शन व पहल से कुपोषण मुक्त सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कार्यक्रम के तहत कुपोषित बच्चों को अधिकारियों द्वारा गोद लेकर उसे कुपोषण से मुक्त करने में अपना सहयोग दिया जा रहा है। इसमें अधिकारी चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों के वजन व ऊंचाई का सत्यापन कर गोद लिए बच्चे की सघन निगरानी, फालोअप कर रहे हैं। सबसे ज्यादा कुपोषित पंचायतों का चिन्हांकन कर आईएम, तथा रेडक्रास जैसे स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग लिया जा रहा है। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से परियोजना सारंगढ़, कोसीर, बरमकेला व लेन्धरा परियोजना के विभिन्न सेक्टरों में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के 19 शिविर का आयोजन जून माह में किया गया।

## संगठन ही सत्ता की रीढ़, भाजपा जिला कार्यसमिति ने दिया संदेश



**रायगढ़।** लखीराम ऑडिटोरियम, खरसिया में बुधवार को संपन्न भाजपा रायगढ़ जिला कार्यसमिति की बैठक में सत्ता और संगठन के समन्वय का रोडमैप तय हुआ। वरिष्ठ नेताओं ने स्पष्ट किया कि सरकार की योजनाएं संगठन के कंधों पर ही अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों, केंद्र राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की भूमिका पर मंथन हुआ। बैठक के यह संकल्प लिया गया कि महतारी वंदन आयुष्मान और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं का लाभ बिना बिचौलि, हर पात्र तक पहुंचाया जाएगा।

संगठन सशक्त तो सत्ता सार्थक के मूलमंत्र के साथ भारतीय जनता पार्टी रायगढ़ जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को लखीराम ऑडिटोरियम, खरसिया में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक ने साफ कर दिया कि भाजपा में संगठन और सत्ता एक दूसरे के पूरक हैं। संगठन जनता तक पहुंचता है और सत्ता संगठन के संकल्प को धरातल पर उतारती है। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा संगठन की ताकत से ही सरकार बनती है और सरकार की ताकत से ही जनसेवा होती है। रायगढ़ का हर कार्यकर्ता मोदी और विष्णु देव साय की गारंटी को घर घर पहुंचाए। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा सत्ता सेवा का माध्यम है साध्य नहीं। संगठन सरकार की आंख कान है। जब बूथ जीतेगा, तभी सुशासन जीतेगा। कार्यकर्ता ही हमारी असली पूंजी है। बिलासपुर संभाग प्रभारी रामु रोहरा ने कहा डबल इंजन सरकार का इंजन तभी रफ्तार पकड़ेगा जब संगठन का पहिया मजबूत होगा। मंडल शक्ति केंद्र को सक्रिय कर सेवा ही संगठन का भाव जगाना है।

## सीएमओ को हटाने नगर में रैली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ में पदस्थ सीएमओ की कार्यशैली से नाराज लोगों ने हटाने की मांग की। इसके लिए बाकायदा नगर में रैली निकाल कर एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारी, जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के 10 पार्षद एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक समलाई मंदिर परिसर से रैली निकाल कर सीएमओ के विरोध में नारेबाजी करते मुख्य मार्ग होते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार चौधरी की कार्यशैली से नगरवासी लंबे समय से परेशान हैं। आरोप है कि सीएमओ बीते करीब एक साल से नियमित रूप से कार्यालय नहीं जा रहे हैं। अपने निजी निवास को ही कार्यालय बनाकर कार्य कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में वित्तीय अनियमितता, प्रशासनिक लापरवाही, भ्रष्टाचार, मनमानी तथा जनहित के कार्यों की उपेक्षा जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सीएमओ के विरुद्ध शासन एवं प्रशासन के समक्ष अनेक शिकायतें करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे नगरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नगर पंचायत अध्यक्ष दामोदर प्रसाद दुबे को छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम की धारा 41(क) के अंतर्गत अध्यक्ष पद से हटाए जाने की कार्रवाई से नगरवासियों में भारी आक्रोश हैं क्योंकि दुबे से नागरिकों को काफी उम्मीद है । नगर विकास को लेकर नागरिकों ने निर्दलीय प्रत्याशी को चुना था। श्री दुबे पूर्व में ग्राम पंचायत सरपंच रह चुके है।

## भाजपा वाले काम करने के बजाय नाम बदलने में ज्यादा विश्वास करते हैं : सुखदेव



**खरसिया।** भाजपा सरकार ने बरगढ़ स्थित शासकीय विद्यालय का नाम बदलकर एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपाई काम करने में नहीं बल्कि नाम बदलने में यकीन करते हैं। खरसिया बरगढ़ खोला अंचल के कद्दावर कांग्रेस नेता सुखदेव डनसेना, छेदी लाल राठिया, खोज राम राठिया, गंगाधर बैरागी, दुर्गा ग्राम पंचायत पटेल, दिलचंद सिदार, अर्चना सिदार जनपद सदस्य, गुड्डी बाई राठिया सरपंच ग्राम पंचायत पतरापाली, संजय चौहान, जितेन्द्र धनुहार, गिरधारी सिंह सिदार सरवानी समेत क्षेत्र वासियों ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि 2014 में केंद्र की भाजपा सरकार बनने के बाद से ही एक नया प्रचलन शुरू हुआ है काम करो या ना करो लेकिन नाम परिवर्तन जरूर करें। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा काम करने की बजाय नाम बदलने वाली नीति का अनुसरण करने में खरसिया के भाजपाई भी पीछे नहीं है खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगढ़ में स्थित स्कुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगढ़ के नाम पर संचालित हो रहा था किंतु विगत दिनों खरसिया के कुछ तथाकथित भाजपाइयों ने उक्त विद्यालय का नाम स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय बरगढ़ के नाम से नाम परिवर्तन करा लिया है।

### उत्थान परियोजना से क्षेत्रवासियों को मिलेगा फायदा

## 34 स्कूलों में छात्र हितैषी सुविधाओं को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित उत्थान परियोजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के साथ जून माह में रायगढ़ क्षेत्र के 34 विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव एवं पालक शिक्षक बैठकों का आयोजन किया गया। वर्तमान में परियोजना के तहत 22 प्राथमिक, 8 पूर्व माध्यमिक एवं 4 हाई स्कूलों के 1,800 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

अदाणी फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधारभूत अधोसंरचना विकास और शिक्षण सहायक संसाधनों की उपलब्धता को लगातार सुदृढ़ कर रहा है। परियोजना के अंतर्गत पूर्व में विद्यालयों को स्मार्ट टीवी, डेस्क बेंच, स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री तथा पुस्तकालय संसाधन उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

इन प्रयासों से विद्यार्थियों के सीखने के वातावरण में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में परियोजना के अंतर्गत 750 डेस्क-बेंचों के वितरण एवं स्थापना कार्य की शुरुआत हो चुकी है। यह सुविधा बड़े भंडार के हायर सेकेंडरी एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बुंगा, सुपा एवं चंदली के हाई स्कूलों और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों, गोर्रा हाई स्कूल तथा टपरदा, कलमा, पुसलदा और महादेवपाली के विद्यालयों में प्रदान की जा रही है। वर्तमान में बड़े भंडार हायर सेकेंडरी स्कूल में स्थापना कार्य प्रगति पर है, जिसके बाद अन्य सभी चिन्हित विद्यालयों में भी यह कार्य चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। इस पहल से 1,500 से अधिक विद्यार्थियों को सुविधाजनक और बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा। परियोजना के अंतर्गत बड़े भंडार, सुपा, बुंगा एवं चंदली के हाई स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस पहल से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संबंधी जागरूकता विकसित होगी। आगामी चरण में परियोजना से जुड़े सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्कूल बैगए स्टेशनरी किट और अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।



